# उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (आरओ/एआरओ)
## सामान्य हिन्दी
## प्रारम्भिक परीक्षा-2017 (द्वितीय प्रश्न-पत्र)

**समय : 1 घंटे** **अधिकतम अंक : 60**

1. निम्नलिखित में 'खर' का पर्याय शब्द नहीं है :
(a) दृष्ट
(b) गदहा
(c) तिनका
(d) तेज

2. कौन सा शब्द 'घोड़ा' का पर्यायवाची नहीं है?
(a) बाजि
(b) तुरंग
(c) शार्दूल
(d) हय

3. 'टीका' शब्द का पर्याय है
(a) व्याख्या
(b) आलेख
(c) टेकुआ
(d) तकली

4. निम्नलिखित में 'यमुना' का पर्यायवाची शब्द नहीं है :
(a) हंससुता
(b) अर्कजा
(c) कृष्णा
(d) कूलंकषा

5. 'विशिख' किस शब्द का पर्यायवाची है?
(a) बुध
(b) बाण
(c) तरु
(d) सरोवर

6. निम्नलिखित में से 'केतु' का पर्याय नहीं है :
(a) झंडा
(b) पताका
(c) निशान
(d) ग्रह

7. 'तलवार' का पर्यायवाची शब्द है
(a) हलवार
(b) करवार
(c) धरवार
(d) धारदार

8. निम्नलिखित में से 'कामदेव' का पर्यायवाची शब्द है :
(a) विडौजा
(b) पिशुन
(c) मार
(d) अश्म

9. 'धनंजय' का पर्याय है
(a) गुडाकेश
(b) धनुर्धर
(c) मृत्युंजय
(d) सारथी

10. निम्नलिखित में से 'मीन' का समानार्थी है :
(a) झख
(b) शिलीमुख
(c) अलि
(d) षट्पद

11. 'बारात' का तत्सम रूप है
(a) वर्रात
(b) बरात
(c) ब्रात
(d) वरयात्रा

12. 'मोती' का तत्सम रूप है
(a) मौती
(b) मौत्तिक
(c) मुक्तक
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

13. 'मिट्टी' का तत्सम शब्द है
(a) मृत्तिका
(b) मट्टिका
(c) म्रिट्टिका
(d) मृट्टी

14. निम्नलिखित में से तद्भव शब्द है :
(a) उलूक
(b) कूप
(c) ओझा
(d) पुस्तक

GS World Committed To Excellence

15. निम्नलिखित में से तत्सम की दृष्टि से शुद्ध है :
(a) शाटिका
(b) रस्सी
(c) रैन
(d) सरसों

16. निम्नलिखित में से तद्भव शब्द है :
(a) ज्योत्स्ना
(b) श्रेष्ठी
(c) परीक्षा
(d) घर

17. 'अखरोट' का तत्सम रूप है
(a) अक्षवट
(b) अक्षवाट
(c) अक्षोट
(d) अक्षयवट

18. निम्नलिखित में से तत्सम-तद्भव का सही युग्म है :
(a) महूक - महुआ
(b) अक्षवाट - अखाड़ा
(c) आद्रक - अदरक
(d) इक्ष - ईख

19. निम्नलिखित में से तत्सम की दृष्टि से एक युग्म अशुद्ध है :
(a) दीक्षा - परीक्षा
(b) शूकर - बलीवर्द
(c) कपूत - सपूत
(d) वरिष्ठ - कनिष्ठ

20. निम्नलिखित में से एक शब्द तत्सम है :
(a) सपूत
(b) सरीसृप
(c) सांकल
(d) सांझ

21. निम्नलिखित में अशुद्ध वर्तनी का शब्द है :
(a) वाङ्मय
(b) उत्कर्ष
(c) वैमनस्य
(d) मिथलेशकुमारी

22. निम्नलिखित में एक शब्द अशुद्ध है :
(a) दैहिक
(b) नोकरी
(c) प्रौढ़
(d) पौरुष

23. इनमें से अशुद्ध वर्तनी का शब्द है :
(a) चरमोत्कर्ष
(b) वाङ्मय
(c) पुनुरुत्थान
(d) हिरण्यकश्यपु

24. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है :
(a) प्रतिदर्श
(b) दृष्टा
(c) रचइता
(d) अहार

25. निम्नलिखित शब्दों में वर्तनी की दृष्टि से कौन सा शब्द अशुद्ध है?
(a) पुष्पांजलि
(b) निरापराध
(c) भास्कर
(d) उज्ज्वल

26. निम्नलिखित में से एक वाक्य अशुद्ध है :
(a) इस बात का स्पष्टीकरण करना आवश्यक है।
(b) प्याज तीखा होता है।
(c) आप इतनी देर में क्यों आये?
(d) प्रत्येक श्रमिक को दो रुपये मिले।

27. निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य है :
(a) भारत कभी ब्रिटेन के आधीन था।
(b) निरपराधी व्यक्ति को दण्ड नहीं मिलना चाहिए।
(c) बादशाह ने मुक्तहस्त दान दिया।
(d) उसे पैत्रिक सम्पत्ति में हिस्सा नहीं मिला।

28. निम्नलिखित में कौन सा वाक्य अशुद्ध है?
(a) वह अनेकों मामलों में गवाह था।
(b) नूपुर की ध्वनि मनमोहक है।
(c) आपकी मन:कामना पूरी हो।
(d) मनीषिगण ! मेरी बात पर ध्यान दें।

29. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए :
(a) संसारिक समस्याओं में सभी फँसे हैं।
(b) निरपराध व्यक्ति को दण्ड क्यों मिला?
(c) हिन्दी देवनागरी लिपी में लिखी जाती है।
(d) अत्याधिक दु:ख सहा नहीं जाता।

30. निम्नलिखित में अशुद्ध वाक्य है :
(a) गौतम ऋषि की पत्नी का नाम अहल्या था।
(b) इस कार्य में बहुत विलम्ब हो गया।
(c) रसगुल्ला बहुत स्वादिष्ट है।
(d) एक गुलाब की माला खरीद लेना।

31. 'अप्रमेय' किस वाक्यांश के लिए एक शब्द है?
(a) जो तौला या नापा जा सके।
(b) जो अवश्य होने वाला हो।
(c) जो प्रमाण से सिद्ध न हो सके।
(d) जो समय पर संभव न हो।

32. 'किसी पर विजय प्राप्त करने की इच्छा रखने वाला' - वाक्यांश के लिए एक शब्द है
(a) विजित
(b) विजेता
(c) जिगीषु
(d) जिज्ञासु

GS World Committed To Excellence

33. 'जो स्त्री सूर्य भी न देख सके' वाक्यांश के लिए एक शब्द है
(a) शास्त्रज्ञा
(b) असूर्यम्पश्या
(c) स्त्रैण
(d) दुर्निवार

34. 'कुछ खास शर्तों पर किसी कार्य को करने का समझौता' के लिए एक शब्द है
(a) कर्मठता
(b) बेलदारी
(c) ठेकेदारी
(d) संविदा

35. 'अपने सहारे पर रहने वाले' के लिए एक शब्द है
(a) स्वावलंबी
(b) आत्मनिर्भरी
(c) बलिष्ठ
(d) आत्मविश्वासी

36. 'राज्य द्वारा निकाला गया आधिकारिक आदेश' – वाक्यांश के लिए एक शब्द है
(a) अधिनियम
(b) अध्यादेश
(c) अधियाचना
(d) अधिसूचना

37. 'वह स्त्री जिसका पति परदेश (विदेश) गया हो' – वाक्य के लिए एक शब्द है
(a) नवोढ़ा
(b) प्रवत्स्यतपतिका
(c) प्रोषितपतिका
(d) आगतपतिका

38. 'पैर से सिर तक' वाक्यांश के लिए एक शब्द है
(a) शिख-नख
(b) शिरोपर
(c) पादमस्तक
(d) आपादमस्तक

39. 'अनुचित बात के लिए आग्रह करने वाला' – वाक्यांश के लिए एक शब्द है
(a) दुराग्रह
(b) अनाग्रही
(c) दुराग्रही
(d) कुआग्रही

40. 'जिसकी पहले से कोई आशा न हो' के लिए एक शब्द है
(a) अप्रत्याशित
(b) आशातीत
(c) आशाजनक
(d) प्रत्याशित

41. निम्नलिखित में से एक शब्द 'शुष्क' का विलोम है :
(a) उष्ण
(b) आर्द्र
(c) शीत
(d) शिष्ट

42. निम्नलिखित में से एक शब्द 'स्थूल' का विलोम नहीं है :
(a) सूक्ष्म
(b) तन्वी
(c) दुर्बल
(d) शाश्वत

43. 'पृथक्' का सही विलोम है
(a) एकत्र
(b) संयुक्त
(c) थकित
(d) सुघटित

44. निम्नलिखित में एक शब्द 'उपयोग' का विलोम है :
(a) समुपयोग
(b) निरुपयोग
(c) सदुपयोग
(d) अनुपयोग

45. 'निषिद्ध' के लिए सही विलोम शब्द है
(a) सिद्ध
(b) अनिषिद्ध
(c) विहित
(d) घृणित

46. निम्नलिखित में विलोम की दृष्टि से शुद्ध युग्म है :
(a) अल्पज्ञ - बहुज्ञ
(b) संयुक्त - संधियुक्त
(c) समस्त - अभ्यस्त
(d) अज्ञ - अनभिज्ञ

47. विलोमार्थक दृष्टि से एक युग्म अशुद्ध है
(a) सचल - चल
(b) निरपेक्ष - सापेक्ष
(c) मौलिक - अनूदित
(d) बंधन - मोक्ष

48. निम्नलिखित में से विलोम की दृष्टि से सही शब्द युग्म है :
(a) आग्रह - विग्रह
(b) अपकर्ष - उपकर्ष
(c) जारज - औरस
(d) उत्सर्जन - विसर्जन

49. निम्नलिखित में विलोम शब्दों का सही युग्म है :
(a) ईप्सित - अभीप्सित
(b) अमित - समित
(c) हया - बेहया
(d) अघी - निरघ

50. इनमें से विलोम शब्दों का एक गलत युग्म है :
(a) दक्षिण - वाम
(b) उद्यम - निरुद्यम
(c) विधि - निषेध
(d) बर्बर - सभ्य

GS World Committed To Excellence

51. प्रयोग के आधार पर 'पाण्डु' शब्द होगा
(a) केवल विशेषण
(b) केवल विशेष्य
(c) विशेषण और विशेष्य दोनों
(d) उपर्युक्त में से एक भी नहीं

52. 'चतुर विद्यार्थी से प्रश्न पूछो।' वाक्य में विशेषण है
(a) विद्यार्थी
(b) प्रश्न
(c) चतुर
(d) पूछो

53. ''वह आदमी जो कल आपके घर आया था, बहुत बड़ा ठग है।'' उपर्युक्त वाक्य में कितने विशेषण हैं?
(a) तीन
(b) दो
(c) चार
(d) पाँच

54. 'दुश्चरित्र व्यक्ति से संबंध नहीं रखना चाहिए।' इस वाक्य में प्रयुक्त 'दुश्चरित्र' शब्द व्याकरण की दृष्टि से किस संवर्ग में है?
(a) संज्ञा
(b) सर्वनाम
(c) विशेषण
(d) क्रियाविशेषण

55. 'उसका लड़का लम्बा है' में विशेषण का चयन कीजिए।
(a) लड़का
(b) लम्बा
(c) उसका
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

56. 'विशेष्य' वह शब्द होता है
(a) जिस शब्द की विशेषता बताई जाती है।
(b) जिस शब्द के द्वारा विशेषता बतायी जाती है।
(c) जिस हेतु विशेषता बतायी जाती है।
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

57. 'मोहन एक अच्छा विद्यार्थी है।' वाक्य में विशेष्य है
(a) मोहन
(b) एक
(c) अच्छा
(d) विद्यार्थी

58. 'आठ बड़े चोर पकड़े गये थे, पुलिस की लापरवाही से आधे चोर भाग गये।' वाक्य में किन शब्दों में विशेषण-विशेष्य सम्बन्ध नहीं है?
(a) बड़े चोर
(b) आधे चोर
(c) पुलिस की लापरवाही
(d) आठ बड़े चोर

59. निम्नलिखित शब्दों में कौन-सा विशेषण है?
(a) क्रोधी
(b) कण्टक
(c) चुनौती
(d) राही

60. 'लाखों लोगों ने इसे महसूस किया है' वाक्य में विशेषण है
(a) महसूस
(b) लोगों
(c) लाखों
(d) इसे

GS World
Committed To Excellence